Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to consider DPR pertaining to linking of Changthang region to Norther Grid Power Supply.

श्री जामयांग शेरिंग नामग्याल (लद्दाख): सभापति महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक विशेष विषय की ओर आकर्षित करना चाहूंगा । लद्दाख पार्लियामेंट्री कॉन्स्टिटुएंसी का जो ईस्टर्न पार्ट है, जिसको चांगथंग कहते हैं । वहां 4,000 से 5,500 मीटर की ऊँचाई पर नोमेड्स लोग रहते हैं, जो याक पालते हैं, पशमीना गोट चराते हैं और यह पशमीना शॉल भी वहीं से ही आती है । वहां के लगभग 60 गांव और आईटीबीपी के 35 बीओपीज़ हैं, जिनको आधुनिकीकरण से नॉर्दन ग्रीड पावर सप्लाई के साथ जोड़ने की जरूरत है । अभी उन 60 सिविलियन गांवों में से कुछ गांवों को डीजल जनरेटर के माध्यम से 6 से 7 घंटे इलेक्ट्रिसिटी मिलती है और कुछ गांवों को सोलर पावर प्लांट के माध्यम से 4 से 5 घंटे के लिए बिजली मिलती है ।

हमारे यू.टी. प्रशासन ने इसके रिगार्डिंग 777 करोड़ रुपये की डीपीआर बनाकर एमएचए को सबमिट किया है और पावर मिनिस्टर को भी सबमिट किया है । मेरी जानकारी के अनुसार मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स ने आईटीबीपी के जो 35 बीओपीज़ हैं, उनको कंसीडर कर लिया है । 5,046 करोड़ रुपये का सिविल कंपोनेंट है, उसके लिए मिनिस्ट्री ऑफ पावर को सुझाव दिया गया है कि वह उसे भी कंसीडर करे ।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से, मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स से, मिनिस्ट्री ऑफ पावर से और सेन्ट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी से अनुरोध है कि वह 777 करोड़ रुपये के डीपीआर को कंसीडर करे और पूरे चांगथंग रीजन को नॉर्दन ग्रिड पावर सप्लाई के साथ जोड़ने की कृपा करे ।